प्रादेशिक समाचार
20.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार का आज धनबाद के दौरे पर हैं। अपने दौरे के क्रम में राज्यपाल धनबाद स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित प्रांतीय खेलकूद समारोह में शामिल हुए। इससे पहले धनबाद पहुंचने पर जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

**********************

राज्य सरकार ने क्रिसमस के अवसर पर सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए 23 दिसंबर से अग्रिम वेतन देने का आदेश जारी किया है। वित्त विभाग के अनुसार, इस निर्णय का लाभ राज्य सरकार, राज्यपाल सचिवालय, उच्च न्यायालय और विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलेगा।

**********************

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कारा सेवा के 14 पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। विभाग ने सभी आपत्तियों की समीक्षा और जांच के बाद यह अधिसूचना जारी की। इससे पहले अधिकारियों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया था।

**********************

देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने आज जिले में धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों को जागरूक करने उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर 15 दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऐसे में किसान बिचौलियों के झांसे में न आएं और सरकारी धान अधिप्राप्ति केंद्रों में ही उचित समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री करें। उन्होंने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए 42 पैक्सों का चयन किया गया है।

**********************

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत चलाये गये अभियान में पलामू जिले में छत्तीस नये मरीजों की पहचान की गयी है।

**********************

हजारीबाग के मेरू स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में आज तीन सौ पचहत्तर नव प्रशिक्षित जवानों ने देश सेवा की शपथ ली। भारत माता की जयकारे के साथ नवआरक्षकों ने देश की अखंडता और एकता की शपथ ली। दीक्षांत समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएएफ मेरू के महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे ने दीक्षांत परेड की सलामी ली। इस मौके पर उन्होंने नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत परेड के बाद औपचारिक तौर पर सीमा सुरक्षा बल जो भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है उसके सदस्य बन गए हैं।

**********************

बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव बनाये गये हैं, जबकि अक्षर पटेल उपकप्तानी करेंगे। 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में ज्यादातर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जो हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टी20 सीरीज में खेले थे। भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी को यूएसए के खिलाफ करेगी। बीसीसीआई के चीफ

सेलेक्टर अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मुंबई में टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान किया। टीम में झारखंड के खिलाड़ी ईशान किशन को भी जगह मिली है।

************************

राज्य में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान छह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रांची के कांके का रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे न्यूनतम तापमान रहा। कम विजिबिलिटी की वजह से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। इसके साथ ही हवाई और रेल सेवा पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से कई विमानों ने विलंब से उड़ान भरा। दिल्ली, पटना और उत्तर प्रदेश से रांची आने वाली ट्रेनें भी विलंब से चल रही हैं। मौसम केंद्र ने पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और खूंटी जैसे कुछ जिलों को छोड़कर राज्य के 19 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 22 दिसंबर तक घना कोहरा और धुंध छाये रहने का पूर्वानुमान है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**********समाप्त*************